परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था,मुंबई

पत्रक संख्या - 1

कक्षा - सातवीं  विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ का नाम - हम पंछी उन्मुक्त गगन के

प्र.1 कविता के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [1*10]

[1] किस तरह के पिंजरे में पक्षी कैद है ?

[क] लोहे के पिंजरे में  [ख] चाँदी के पिंजरे में

[ग] सोने के पिंजरे में  [घ] पीतल के पिंजरे में

[2] पक्षी की चोंच कैसे लग रही है?

[क] चाकू जैसी  [ख] तेज तलवार जैसी

[ग] लाल किरण जैसी  [घ] इसमें कोई नहीं

[3] पिंजरे में बंद पक्षी क्या कामना कर रहे हैं?

[क] आकाश की ऊँचाइयों को पाने की

[ख] नदियों का जल पीने की

[ग] खूब खाने -पीने की

[घ] दिन-रात आसमान में उड़ते रहने की

[4] आश्रय छिन जाने के बाद भी पक्षी कैसे खुश है?

[क] पेड़ों पर रहकर  [ख] नया घोंसला बनाकर

[ग] खूब खा पीकर  [घ] ऊँची उड़ान भरकर

[5]  पक्षियों के क्या अरमान थे?

[क] उड़ते हुए सूरज तक पहुँचने की   [ख]  साथियों के साथ गीत गाने की

[ग] आकाश की सीमा पाने  की      [घ]  नदी का मीठा जल पीने की

[6] पक्षियों के साँसों की डोरी कब टूटने लगती है?

[क] आकाश  को छूने की कोशिश में       [ख]  सूर्य तक पहुँचने की कोशिश में

[ग] अपने मित्रों का पीछा करने की कोशिश में [घ] क्षितिज तक पहुँचने की कोशिश में

[7] पिंजरे में बंद पक्षी क्या नहीं कर पाएँगे ?

[क] गीत नहीं गा पाएँगे          [ख]  नाच नहीं पाएँगे

[ग] मित्रों के साथ खेल नहीं पाएँगे     [घ] पिंजरे को तोड़ नहीं पाएँगे

[8] पक्षी  किसके दाने चुगना चाहते हैं ?

[क] चावल के दाने            [ख] मकई के दाने

[ग] गेहूँ के दाने             [घ] तारे रूपी अनार के दाने

[9] पक्षियों को क्या खाना अच्छा लगता है?

[क]  पेड़ के मीठे फल           [ख] नीम की कड़वी निबौरी

[ग] मैदे के स्वादिष्ट व्यंजन        [घ] तरह-तरह की मिठाइयाँ

[10] पक्षियों में कहाँ पहुँचने की होड़ा-होड़ी हो रही है?

[क]  पहाड़ की चोटियों तक        [ख] आसमान की ऊँचाइयों तक

[ग] पेड़ों की ऊँची डाली तक       [घ] क्षितिज तक

प्र.2  निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए -          [2 *10=20]

[1]हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता का मुख्य संदेश क्या है?

[2] कविता में पंछियों को किस चीज की तुलना में दिखाया गया है ?

[3] उन्मुक्त गगन शब्दों का क्या अर्थ होता है?

[4] कविता में कौन -सी प्राकृतिक सौंदर्य का चित्रण किया गया है ?

[5] कविता में पंछियों का क्या महत्व है?

[6] कविता में कवि ने साहित्य के कौन-कौन से उपकरण प्रयुक्त किए हैं?

[7] कविता में किस विचार को व्यक्त किया गया है कि हमें सीमाओं से पार उड़ना चाहिए।

[8] पंछियों के उड़ने का क्या संबोधन है हमें?

[9] कविता में प्राकृतिक सौंदर्य का क्या महत्व है?

[10] पंछी उन्मुक्त गगन के कविता कैसे हमारे आत्म स्वतंत्रता की महत्वपूर्णता को दर्शाती है?

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [1*10=10]

[1] पंछी मनुष्य क्या अनुनय कर रहे हैं?

[2] सोने की कटोरी में खाने के लिए मिला हुआ भोजन भी पंछियों को क्यों अच्छा नहीं लगता है?

[3] पिंजरे में कैद होने के कारण पंछी क्या भूल गए हैं?

[4] सोने का पिंजरा पंछियों को क्यों नहीं अच्छा लगता है?

[5] पक्षी क्या सपने देखते हैं?

[6] आकाश की सीमा पाने का आशय स्पष्ट कीजिए।

[7] अनार के दाने किसके प्रतीक हैं ?

[8] पंछी व्यथित क्यों है?

[9] रात -दिन समस्तपद में समास का कौन सा भेद है?

[10] 'स्वर्ण श्रृंखला' में स्वर्ण क्या है?

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [3*5=15]

[1] हर प्रकार की सुख सुविधा पाकर भी पंछी पिंजरे में कैद क्यों नहीं रहना चाहते?

[2] पंछी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

[3] 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के'पंक्ति से कवि क्या कहना चाहता है?

[4] पंछियों को कैसा जीवन जीना पसंद है?

[5] पुलकित पंख का क्या अभिप्राय है?

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [5*5=25]

[1] आपने या आपकी जानकारी में किसी ने कभी कोई पक्षी पाला है उसकी देखरेख किस प्रकार की जाती होगी ? लिखिए।

[2] पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से केवल उनकी आजादी का हनन ही नहीं होता अपितु पर्यावरण भी प्रभावित होता है, इस विषय पर दस वाक्यों में अपने विचार लिखिए।

[3] शहरीकरण से जुड़ी योजनाएँ पक्षियों के लिए घातक है, विस्तारपूर्वक लिखिए।

[4] विशेषण की परिभाषा लिखिए ? गुणवाचक गुण विशेषण के पाँच भेद कविता से छाँटकर लिखिए।

[5] द्वंद्व समास किसे कहते हैं ? द्वंद्व समास के पाँच समस्तपद लिखकर उनका समास विग्रह कीजिए ।

*********************